

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

धर्मेंद्र का हालचाल लेने खुद गाड़ी चालकर पहुंचे अमिताभ


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 ■ अंक : 209 ■ गुरुवार 13 नवंबर 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


## बघेल के विरुद्ध आज जन आक्रोश बाइक रैली

■ सिंधी एकता पत्रकार मंच ने की रैली में शामिल होने की अपील




**उल्हासनगर.** छत्तीसगढ़ के एक नेता अमित बघेल ने 26 अक्टूबर 2025 को सिंधी समाज के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की उसने सिंधी समुदाय को पाकिस्तानी बताया और सिंधी समाज के इष्ट देव भगवान झूलेलाल पर भी टिप्पणी की। जिस कारण सिंधी समाज आक्रोशित है और अमित बघेल के विरुद्ध में आज गुरुवार 13 नवंबर 2025 को शाम 4 बजे जन आक्रोश बाइक रैली का आयोजन उल्हासनगर-1 स्थित गोल मैदान से उल्हासनगर-2 स्थित भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर तक किया गया है। इस जन आक्रोश बाइक रैली में बड़ी से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील सिंधी एकता पत्रकार मंच ने सिंधी समाज से की है। इस रैली को सर्वपक्षीय समर्थन प्राप्त है और साथ ही इस रैली में शामिल होने सभी संत-महात्मा भी उपस्थित होने जा रहे हैं।

उल्हासनगर-1 स्थित गोल मैदान साधु वासवानी स्टेज पर सभी झूलेलाल के भक्त एकत्रित होकर इस आक्रोशित रैली में शामिल होंगे और यह रैली गोल मैदान से किशोर पैटिस, नेहरू चौक, जापानी बाजार, सीरू चौक, आवत चौक होते हुए झूलेलाल मंदिर पर समाप्त होगी। वहां पर अमित बघेल के लिए विरोध प्रदर्शन कर देशभर में सिंधी समाज की एकता का भी प्रदर्शन होगा। सिंधी समाज से जुड़े सभी पक्ष के नेता, व्यापारी, सामाजिक संघटना, वरिष्ठ नागरिक, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, सिंधी कलाकार युवा, महिलाओं को बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील सिंधी एकता पत्रकार मंच ने की है।

# आरक्षण के बाद कई नेता टेंशन में

## उल्हासनगर मनपा आरक्षण ड्रा — कुछ वरिष्ठ नगरसेवकों पर गिरी गाज




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के आगामी चुनावों के लिए गुरुवार को आरक्षण ड्रा निकाला गया। इस ड्रा में, आरक्षण परिवर्तन के कारण कुछ वरिष्ठ नगरसेवकों के घर बैठने की प्रबल संभावना है। इस बीच, कुछ पुराने नगरसेवकों, जिनके पते काट दिए गए, उनके मनपा में वापस आने का रास्ता साफ हो गया है।

2025 के आम चुनाव के लिए आरक्षण ड्रा गुरुवार को टाउन हॉल में निकाला गया। उल्हासनगर मनपा के 20 वार्डों में से दो वार्डों में तीन सदस्य और अठारह वार्डों में चार सदस्य हैं। गौरतलब है कि 2017 में हुए मनपा चुनावों में नौ वार्डों के लिए आरक्षण ड्रा इस वर्ष भी वही है। इसमें पैनल 2, 3, 4, 5, 6, 12, 13, 16 और 19 शामिल हैं। हालांकि, पैनल 1 और 18 में वरिष्ठ नगरसेवकों के पत्ता कट गया है। ऐसे में, नगर पालिका में आने के इच्छुक भावी पार्षदों की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

पैनल 1 की 'बी' सीट अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित होने के कारण, पिछले चुनाव में आरपीआई (आठवले ग्रुप) से चुने गए मंगल वाघे इस बार राजनीतिक समीकरण से बाहर हो गए हैं। वाघे पिछले चुनाव में इसी सीट से जीते थे। हालाँकि, इस बार आरक्षण परिवर्तन के कारण उनका चुनाव मैदान में उतरना असंभव हो गया है। वाघे हाल ही में भाजपा में शामिल हुए थे। इसके कारण, पैनल 1 में नए उम्मीदवार की तलाश तेज हो गई है। पैनल 9 तीन सदस्यीय पैनल है और नरेंद्र कुमारी ठाकुर पहले इसी पैनल में पार्षद के रूप में कार्यरत थे। 2017 के चुनाव में जब यह सीट अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हुई, तो उनकी बेटी डिंपल ठाकुर को मौका मिला और वे पार्षद बनीं। अब, चूँकि इस पैनल पर फिर से अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण कर दिया गया है, इसलिए राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि नरेंद्र कुमारी ठाकुर आगामी चुनाव में एक बार फिर मैदान में उतरेंगे।

### पूर्व महापौर चुनावी मैदान में वापसी करेंगी

राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पूर्व महापौर अपेक्षा पाटिल फिर से चुनावी मैदान में उतरेंगी। अपेक्षा पाटिल 2017 से 2019 तक उल्हासनगर महानगरपालिका की महापौर थीं। उस समय वे अन्य पिछड़ा वर्ग महिला आरक्षण के तहत पैनल क्रमांक 20 से निर्वाचित हुई थीं। इसके बाद 2017 में महिला आरक्षण रद्द होने के कारण उनके पति विकास पाटिल को उम्मीदवारी दी गई थी। हालांकि इस बार पैनल 20 में महिलाओं के लिए आरक्षण फिर से लागू होने के कारण अपेक्षा पाटिल की वापसी की संभावना जताई जा रही है।

उल्हासनगर मनपा के पैनल क्रमांक 15 से अरुण आशान चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं। चर्मकार समुदाय के प्रतिनिधि अरुण आशान अनुसूचित जाति आरक्षण से चुनाव लड़ने की इच्छा जता रहे हैं। इस बीच, पैनल क्रमांक 15 (ए) की सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गई है, जिससे उनकी उम्मीदवारी का रास्ता खुल गया है। अरुण आशान राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के करीबी माने जाते हैं और उनके समर्थन से इस पैनल में शिंदे गुट की ताकत और मजबूत होने की संभावना है। भारतीय कामगार कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी राधाकृष्ण साठे पैनल क्रमांक 17 से चुनाव मैदान में उतरने के इच्छुक हैं। वे मातंग समुदाय से हैं और पैनल क्रमांक 17 में मातंग समुदाय की ताकत है। इस पैनल में अनुसूचित जाति का आरक्षण पहले महिलाओं के लिए आरक्षित था। अब जब यह अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया है, तो उनके चुनाव लड़ने का रास्ता खुल गया है।

पीआरपी कवाडे गुट के ठाणे ज़िला अध्यक्ष प्रमोद टाले को चुनावी आरक्षण ड्रा में झटका लगा है। पिछले चुनाव में वे अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के तहत पैनल संख्या 18 से चुने गए थे। हालाँकि, इस बार उस पैनल में अन्य पिछड़ा वर्ग की सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होने के कारण उनका पत्ता कटा है। इसके कारण अब प्रमोद टाले को सामान्य सीट से अपनी किस्मत आजमानी होगी।

## अंबरनाथ में भी सिंधी समाज का आक्रोश

**अंबरनाथ.** छत्तीसगढ़ के रायपुर में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के बारे में दिए गए आपत्तिजनक बयान से सिंधी समाज में आक्रोश की लहर दौड़ गई है। इस बयान के विरोध में सिंधी समाज ने रविवार को अंबरनाथ में विरोध प्रदर्शन किया और अमित बघेल का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया।

यह विरोध प्रदर्शन अंबरनाथ पूर्व के कानसाई सेक्शन के मोहनपुरम सोसायटी क्षेत्र में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में सिंधी बंधु मौजूद थे। समाज के सदस्यों ने 'जय झूलेलाल, सिंधी समाज एक है, अमित बघेल माफी मांगो' जैसे नारे लगाकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। हम अखंड भारत का हिस्सा हैं और भारतीय हैं। इस तरह के बयान समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। इससे देश की शांति और एकता खतरे में है।

सामाजिक कार्यकर्ता शेफाली नाडकर ने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस विरोध प्रदर्शन के बाद, सिंधी समुदाय ने शिवाजी नगर पुलिस थाने में एक बयान दर्ज कर बघेल के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की है।

## उल्हासनगर में शिक्षिका का फ़ोन हैक

■ मोहपे-कर्जत इलाके से व्हाट्सएप में घुसपैठ



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहाँ एक लॉ प्रोफेसर का मोबाइल फ़ोन हैक कर लिया गया। पता चला है कि अज्ञात हैकरों ने शहर में लॉ प्रोफेसर प्रिया कृपलानी के फ़ोन में सीधे घुसपैठ की और 90 किलोमीटर दूर मोहपे कर्जत इलाके से अनाधिकृत रूप से उनके व्हाट्सएप में लॉग इन किया। डिजिटल दुनिया में बढ़ती असुरक्षा की चौंकाने वाली तस्वीर सामने आने के साथ ही नागरिकों में काफ़ी चिंता बढ़ गई है।

उल्हासनगर में सोशल मीडिया की सुरक्षा पर बड़ा सवालिया निशान लगाने वाली एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पता चला है कि साइबर अपराधियों ने कैंप नंबर 4 स्थित सरदार आलू सिंह सीएचएस में रहने वाली लॉ प्रोफेसर प्रिया कृपलानी के मोबाइल फ़ोन पर कब्ज़ा कर लिया है और सीधे उनके व्हाट्सएप अकाउंट में घुसपैठ कर ली है। हमेशा की तरह, सुबह जैसे ही प्रिया कृपलानी ने अपना मोबाइल फ़ोन ऑन किया, उन्हें एक अलर्ट मिला। तुरंत जाँच करने पर उन्हें पता चला कि लॉगिन उनके घर से नहीं, बल्कि 90 किलोमीटर दूर मोहपे-कर्जत इलाके से था।

एक उच्च शिक्षित व्यक्ति के फ़ोन में ऐसी हैकिंग देखकर प्रिया हैरान रह गईं। घटना की गंभीरता को समझते हुए, प्रिया ने तुरंत विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शुरुआती जाँच में पुलिस को चौंकाने वाला तथ्य पता चला कि हैकर्स ने न सिर्फ़ व्हाट्सएप, बल्कि पूरे मोबाइल फ़ोन पर कब्ज़ा कर लिया था।

साइबर पुलिस ने हैकर्स का पता लगाने के लिए एक अलग तकनीकी टीम बनाई है और जाँच युद्धस्तर पर चल रही है।

## शहाड़ फ्लाईओवर का काम पूरा होने के करीब

■ क्षतिग्रस्त जोड़ों को तत्काल बदला गया

■ दोनों तरफ बजरी डालने का काम शुरू



**उल्हासनगर.** शहाड़ फ्लाईओवर की मरम्मत का काम चल रहा है और काम की गति युद्ध स्तर पर पहुँच गई है। निरीक्षण के दौरान जैसे ही पता चला कि पुल के दो जोड़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, इंजीनियरिंग टीम ने तुरंत उन्हें बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी। चूँकि बजरी डालने, सफाई और आगे के मैस्टिक वर्क की तैयारी जैसे सभी काम दोनों तरफ एक साथ चल रहे हैं, इसलिए शहाड़ पुल जल्द ही यातायात के लिए खुल जाएगा। इससे नागरिकों को बड़ी राहत मिल सकेगी।

शहाड़ फ्लाईओवर को बंद कर मरम्मत का काम शुरू हो गया। मरम्मत प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण चरण पूरा हो गया है। पुल का निरीक्षण करते समय इंजीनियरों ने पाया कि दोनों मुख्य जोड़ पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसलिए इन दोनों जोड़ों को बदलने का काम तेज़ी से शुरू कर दिया गया। इसके साथ ही पुल पर अन्य कामों ने भी गति पकड़ ली है। उल्हासनगर की तरफ बजरी बिछाने का काम मंगलवार सुबह शुरू हो गया। कल्याण की तरफ बजरी बिछाने का काम शुरू हो जाएगा, जिसके बाद दोनों तरफ बजरी बिछाने का काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद पुल पर मैस्टिक का काम शुरू किया जाएगा। काम की सुरक्षा और गुणवत्ता के लिए, धूल हटाने, पानी का छिड़काव और सतह समतल करने का काम साथ-साथ किया जा रहा है।

### फ्लाईओवर समय से पहले खुलने की संभावना

काम की बढ़ती गति को देखते हुए, फ्लाईओवर समय से पहले खुलने की संभावना है। इस बीच, विधायक कुमार आयलानी ने आज घटनास्थल का दौरा किया और ठेकेदारों, इंजीनियरों और संबंधित विभागों से बातचीत की। उन्होंने पुल की मरम्मत की गुणवत्ता, मजबूती और समय पर पूरा करने के संबंध में विशेष निर्देश दिए। निरंतर निगरानी के कारण, यह स्पष्ट था कि टीम बिना किसी देरी के पूरी क्षमता से काम कर रही है। हालाँकि शहाड फ्लाईओवर के बंद होने से नागरिकों को हर दिन यातायात में व्यवधान और असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन काम की गति को देखते हुए, नागरिकों को अब विश्वास है कि पुल जल्द ही खुल जाएगा।

## अंबरनाथ : तीसरे दिन भी कोई नामांकन दाखिल नहीं

■ नगराध्यक्ष के लिए 2500 रुपए

■ सर्वसाधारण उम्मीदवार के लिए 3 हजार रु. डिपाजिट

⏭ यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद 2025 के चुनाव में बुधवार 12 नवंबर तक नगराध्यक्ष अथवा उम्मीदवारी के लिए एक भी नामांकन दाखिल नहीं किया गया है. विदित हो कि 10 नवंबर से नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. अंबरनाथ नगर परिषद द्वारा जारी जानकारी के अनुसार नगराध्यक्ष सर्वसाधारण महिला के लिए डिपाजिट की रकम 2500 रुपए है और सर्वसाधारण उम्मीदवार के लिए 3 हजार रुपए की रकम डिपाजिट करनी होगी. आरक्षण, ओबीसी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जमाति के लिए डिपाजिट 1500 रुपए है. नगर परिषद ठेकेदार नहीं है एवं नगर परिषद की किसी प्रकार की रकम बाकी नहीं है, का प्रमाण पत्र देना होगा. नपा को अर्जी करके प्रमाण पत्र की कापी प्राप्त की जा सकती है. इच्छुक उम्मीदवार बार-बार ये शिकायत कर रहे थे कि नामनिर्देशन के लिए ये शर्त रखी गई है कि शौचालय अगर है तो उसका नियमित इस्तेमाल किया जाता है तो घोषणा पत्र दें. उसका खुलासा नपा प्रशासन की ओर से ये किया गया है कि स्वंय हस्ताक्षर करके घोषणा पत्र दिया जा सकता है. अधिकृत राजकीय पक्ष नगराध्यक्ष पद के लिए किसी भी एक प्रभाग का मतदाता सूचक होगा, तो सदस्य के लिए उसी प्रभाग का सूचक मतदाता होना चाहिए. निर्दलीय नगराध्यक्ष के लिए 5 सूचक चाहिए तो निर्दलीय उम्मीदवार, सदस्य को जिस प्रभाग से वह उम्मीदवारी भरेगा, उसी प्रभाग के 5 मतदाता सूचक होना चाहिए. ऐसा अंबरनाथ नगर परिषद की ओर से जारी किए गए परिपत्रक में कहा गया है. नगराध्यक्ष एवं सदस्य के लिए आनलाइन फार्म भरना होगा.

## करंजुले गट कर रहा आचार संहिता का उल्लंघन

■ युवा सेना दीपक पवार का आरोप

■ हमने कोई आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया : गुलाबराव करंजुले पाटिल

⏭ उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में करंजुले गट की ओर से आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है. गुलाबराव करंजुले प्रतिष्ठान की ओर से मी अंबरनाथ प्रेसीडेंट लकी ड्रा खोलकर भेंट वस्तु दी जा रही है. लकी ड्रा टिकट पर तेजश्री विश्वजीत करंजुले का फोटो भी है. अगर चुनाव आयोग ने कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन छेड़ा जाएगा. सोशल मीडिया पर आचार संहिता भंग का फोटो शिवसेना युवा सेना के पदाधिकारी दीपक पवार ने डाला है और हमें इस संबंध में बयान भी दिया है. तो दूसरी तरफ गुलाब राव करंजुले पाटिल ने हमें खुलासा दिया है कि तेजश्री ने अभी तक नामांकन नहीं भरा है. इसलिए आचार संहिता भंग का सवाल ही नहीं उठता है.

उन्होंने कहा कि शिवसेना के पैर के नीचे की जमीन खिसकती जा रही है. इसलिए वह ऐसा बयान दे रहे हैं. हिंदू धर्म के अनुसार ये एक पवित्र महिना है, जिसमें हम महिला शक्ति, आनंद महोत्सव के नाम पर हल्दी कुमकुम कार्यक्रम करके महिलाओं को प्रोत्साहन दे रहे हैं. विदित हो कि शहर में भाजपा के संभावित उम्मीदवारों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम करके गुलाबराव करंजुले पाटिल प्रतिष्ठान द्वारा महिलाओं को लकी ड्रा के नाम पर इनाम दिया जा रहा है, जिस पर आक्षेप करते हुए दीपक पवार ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से कार्रवाई करने को कहा है.

## भिवंडी में फायरिंग

**भिवंडी.** भिवंडी में संपत्ति विवाद के बाद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने 27 वर्षीय एक रिश्तेदार पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। यह घटना लोनाड गांव में घटी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित युवक अपनी मोटरसाइकिल से अस्पताल जा रहा था, तभी उसके रिश्तेदार ने दो अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और एक रिवॉल्वर से उस पर गोली चलाकर फरार हो गए।

## महिला डॉक्टर के घर से 16 लाख रुपये के आभूषण

**कल्याण.** कल्याण में एक महिला डॉक्टर के घर से 16 लाख 25 हज़ार रुपये के सोने के आभूषण चोरी हो गए हैं। महिला डॉक्टर ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और संदेह जताया है कि यह चोरी उनके घर में काम करने वाले दो घरेलू नौकरों ने की है। यह चोरी कल्याण पश्चिम में मुरबाड रोड पर लुड्स स्कूल के पास एक सोसाइटी में हुई।

डॉ. सीमा मालनकर ने इस चोरी के मामले में महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ता के घर में यह चोरी अगस्त 2025 से 11 नवंबर 2025 के बीच हुई। डॉ. मालनकर ने महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में अपनी शिकायत में कहा है कि मेरे घर के बेडरूम में एक अलमारी है। मैंने अपने सोने के आभूषण इसी अलमारी में रखी तिजोरी में रखे थे। अगस्त से नवंबर तक तिजोरी में आभूषण दिखाई दे रहे थे। लेकिन उसके बाद, मैंने देखा कि ये आभूषण गायब हो गए थे। जब घर में कोई चोरी नहीं हुई और बाहर से कोई घर में नहीं आया, तो मैंने घर में हर जगह गहनों की तलाश की क्योंकि तिजोरी में रखे सोने के गहने गायब थे। लेकिन गहने नहीं मिले। मेरे घर में दो घरेलू नौकर काम करते हैं। वे लगातार घर में रहते हैं। इसलिए मुझे शक है कि उन्होंने ही मेरे गहने चुराए हैं। यह संदेह व्यक्त करते हुए, शिकायतकर्ता डॉ. मालनकर ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।






## दिल्ली विस्फोट के बाद ठाणे पुलिस अलर्ट पर

■ बम निरोधक दल तैनात

■ होटलों और भीड़-भाड़ वाली जगहों की जाँच, नाकाबंदी शुरू



**ठाणे.** लाल किले के पास हुए भीषण विस्फोट के बाद ठाणे पुलिस और रेलवे पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। पुलिस ने ठाणे रेलवे स्टेशन और उसके आसपास के इलाकों, ठाणे के वाहन डिपो, कल्याण शहर के मॉल, ठाणे से बदलापुर और भिवंडी शहर के होटलों, भीड़-भाड़ वाली जगहों की जाँच शुरू कर दी है। स्टेशन क्षेत्र में बम निरोधक दल तैनात किए गए हैं और पुलिस सोशल मीडिया पर भी नज़र रख रही है।

लाल किले के पास मेट्रो स्टेशन क्षेत्र में एक विस्फोट हुआ। इस विस्फोट के बाद पूरा देश हिल गया है और अब महाराष्ट्र, खासकर मुंबई में पुलिस व्यवस्था को अलर्ट पर रखा गया है। ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, विठ्ठलवाड़ी, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर और भिवंडी, ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र में आते हैं।

मध्य रेलवे के भीड़-भाड़ वाले रेलवे स्टेशनों में ठाणे, दिवा, डोंबिवली, कल्याण और बदलापुर बेहद महत्वपूर्ण हैं। अलर्ट के बाद, रेलवे पुलिस ने सभी स्टेशनों पर अलर्ट जारी कर दिया है। ठाणे रेलवे स्टेशन पर भी पुलिस कुत्तों की मदद से संदिग्ध वस्तुओं और वाहनों की तलाशी शुरू कर दी गई है। संदिग्ध व्यक्तियों के बैगों की जाँच की जा रही है। पुलिस ने ज़्यादातर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी है।

> अगर कोई संदिग्ध वाहन, व्यक्ति या वस्तु मिले, तो नागरिकों को तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन या 112 पर संपर्क करना चाहिए। टीमें संवेदनशील इलाकों का भी निरीक्षण कर रही हैं।
>
> -डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण
> संयुक्त आयुक्त, ठाणे पुलिस

इस बीच, ठाणे पुलिस कमिश्नरेट क्षेत्र में, ठाणे पुलिस ने शहर के कुछ प्रमुख मार्गों पर नाकाबंदी कर दी थी। रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है। लोग खरीदारी के लिए मॉल और इलाकों में उमड़ रहे हैं। पुलिस ने वहाँ भी जाँच शुरू कर दी है। यह भी देखा जा रहा है कि कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल में ठहरने आया है या नहीं।

सोशल मीडिया पर अफ़वाहें खूब फैलाई जा रही हैं। इसलिए, पुलिस सोशल मीडिया पर भ्रामक बयानों और पोस्ट पर भी ध्यान दे रही है। व्यापारियों और क्षेत्र के नागरिकों से अपील की जा रही है कि अगर उन्हें कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति मिले तो वे पुलिस से संपर्क करें।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास – लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## पश्चिमी देशों के वादा तोड़ने से गहराता संकट

जलवायु परिवर्तन से उपजे संकट से निपटने के लिए वर्ष 2015 में वैश्विक स्तर पर पेरिस में एक महत्त्वपूर्ण समझौता हुआ था। इसका मुख्य लक्ष्य वैश्विक औसत तापमान में वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करना था। मगर इस समझौते में जताई गई प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, विकासशील देश इस दिशा में आगे बढ़ने का इरादा रखते हैं, लेकिन वित्तीय और तकनीकी चुनौतियां उनकी राह में रोड़े अटका रही हैं। इसके बावजूद भारत और चीन जैसे देश पेरिस समझौते के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने की कोशिश कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर शुरू हुई 'संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन' की 30वीं वार्षिक बैठक में इन दोनों देशों की परिवर्तनकारी भूमिका की सराहना की गई। साथ ही कहा गया कि इन देशों ने जलवायु कार्रवाई को स्पष्ट तरीके से अपनाया है और वे दुनियाभर में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों की लागत कम करने में मदद कर रहे हैं।

दरअसल, पेरिस समझौते में तय हुआ था कि विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकासशील देशों की वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद करेंगे। मगर संयुक्त राष्ट्र की हाल की एक रपट बताती है कि यह वित्तीय मदद लगातार घट रही है। विकासशील देशों को वर्ष 2035 तक अपने लक्ष्यों को पाने के लिए हर साल 365 अरब डालर की जरूरत है, लेकिन वर्ष 2023 में इन देशों को केवल 26 अरब डालर की अंतरराष्ट्रीय सहायता मिल पाई, जो वर्ष 2022 के 28 अरब डालर से भी कम है। सवाल है कि विकसित देशों ने अपने वादे के अनुसार विकासशील देशों को पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करने से अपने कदम पीछे क्यों खींच लिए हैं?

हो सकता है कि इन देशों को इसमें निजी हित नजर नहीं आ रहे हों, लेकिन उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में उनका योगदान सबसे ज्यादा है। इस लिहाज से विकासशील देशों की वित्तीय मदद और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाने में उनका तकनीकी तौर पर सहयोग करना विकसित देशों की नैतिक जिम्मेदारी है। इस पर भी विचार करने की जरूरत है कि दशकों से इस मसले पर जताई जा रही अंतरराष्ट्रीय चिंता का हासिल अब तक कोई ठोस हल सामने क्यों नहीं ला सका है।

# अब सम्मानित पेशे वाले डाक्टर भी बन रहे आतंकी

राजधानी दिल्ली में लाल किले के पास जिस कार में भीषण धमाका हुआ और जिसके चलते दस से अधिक लोग मारे गए, उसका चालक भी एक डाक्टर ही निकला। नाम है उमर मोहम्मद। उसने विस्फोटक से लैस कार के साथ या तो खुद को उड़ा लिया या फिर किसी गफलत में धमाका कर बैठा। पुलवामा का उमर उन तीन डाक्टरों का सहयोगी निकला, जिनके पास से फरीदाबाद में करीब 3000 किलो विस्फोटक और हथियार मिले थे।

इनमें एक का नाम डाक्टर मुजम्मिल है और दूसरे का डाक्टर आदिल। दोनों कश्मीर के हैं। इनकी तीसरी साथी डाक्टर शाहीन है। शाहीन लखनऊ की है। इनके और साथियों की भी तलाश की जा रही है। हैरानी नहीं कि उनके संपर्क में और भी ऐसे डाक्टर निकलें, जो आतंकी हों। इन डाक्टरों के अतिरिक्त एक अन्य डाक्टर मोहिउद्दीन गुजरात पुलिस की गिरफ्त में है। उसने चीन से मेडिकल की पढ़ाई की है। उसे गुजरात पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने उसके दो साथियों के साथ हथियारों संग गिरफ्तार किया। वह अरंडी के बीज से बेहद घातक जहर राइसिन बनाने की तैयारी कर रहा था, ताकि एक साथ तमाम लोगों को मारा जा सके।

यह पहली बार नहीं है जब किसी आतंकी साजिश और घटना में किसी डाक्टर का नाम सामने आया हो। इसके पहले भी कई डाक्टर आतंक की राह पर चलते पकड़े जा चुके हैं। हाल के समय में इनमें सबसे चौंकाने वाला नाम पुणे के डाक्टर अदनान अली सरकार



का था। उसे एनआइए ने 2023 में गिरफ्तार किया था। वह शहर का प्रतिष्ठित डाक्टर था, लेकिन खूंखार आतंकी समूह आइएस के लिए काम कर रहा था। बीते वर्षों में डाक्टरों के अलावा कई ऐसे आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं, जो इंजीनियर थे।

इनमें से एक बेंगलुरु में बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम कर रहा था और शामी विटेनस नाम से आनलाइन सक्रिय रहकर मुस्लिम युवाओं को आइएस में भर्ती के लिए उकसाता भी था और उन्हें सीरिया भेजने में मदद भी करता था। डाक्टरों और इंजीनियरों के अलावा अन्य तमाम उच्च शिक्षित मुस्लिम युवा आतंकी के रूप में पकड़े जा चुके हैं। कुछ इसलिए नहीं पकड़े जा सके, क्योंकि वे पुलिस के हत्थे चढ़ने के पहले आइएस या अलकायदा का हाथ बंटाने सीरिया और अफगानिस्तान पहुंच गए। अब ऐसे पढ़े-लिखे और यहां तक कि उच्च शिक्षित युवाओं की गिनती करना कठिन है, जो आतंकी बन गए।

यह धारणा नितांत मिथ्या सिद्ध हो चुकी है कि अशिक्षित अथवा गरीब ही मजहबी उन्माद से ग्रस्त होकर या फिर किसी प्रताड़ना के चलते आतंकी बनते हैं। पिछले दो-तीन दशकों में देश और दुनिया में न जाने कितने ऐसे मुस्लिम युवकों ने आतंकी बनना पसंद किया है, जो उच्च शिक्षित थे। दुनिया भर से ऐसे युवाओं को सबसे अधिक आकर्षित किया आइएस ने। भारत में केरल से लेकर कश्मीर तक में अनेक पढ़े-लिखे मुस्लिम युवा आतंकी बन चुके हैं। पहले उनके बारे में ऐसी खबरें आती थीं कि वे किसी जिहादी मौलवी-मौलना के संपर्क आए और आतंकी बन गए। फिर ऐसी खबरें आने लगीं कि वे इंटरनेट पर जिहादी सामग्री देखकर आतंकी बन गए। कुछ तो मजहबी उन्माद से इतना अधिक भर गए कि उन्होंने गजवा ए हिंद या ऐसे ही किसी नाम से खुद का आतंकी गुट बना लिया। क्या यह किसी से छिपा है कि ऐसे नामों की प्रेरणा मजहबी मान्यताओं से ही मिलती है?

मोडिकल या इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते हुए आतंकी बनना पसंद करने वालों के बारे में यह नहीं कहा जा सकता कि वे प्रताड़ित थे या फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। वे चाहते तो खुशहाल जिंदगी जीते रह सकते थे, लेकिन उन पर आतंकी बनने का भूत सवार हुआ। ऐसा क्यों हुआ, इसका जवाब इस कथन में नहीं खोजा जा सकता कि आतंक का कोई मजहब नहीं होता। इस कथन को लेकर सदैव विवाद होता रहता है, लेकिन इसमें तो कोई विवाद ही नहीं कि मजहब की आड़ लेकर या फिर उसके सहारे ही आतंक के रास्ते पर चला जाता है। दुनिया भर के जिहादी गुट मजहबी मान्यताओं से ही लैस हैं।



संतुलन, स्थिरता से आता है, स्थिरता, प्रभु के साथ संपर्क से आती है। प्रभु के साथ यह संपर्क ध्यानाभ्यास से आता है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# धमाके के दो दिन बाद भी सुलगता सवाल

राजधानी दिल्ली में लालकिला के पास एक कार में हुए धमाके की घटना ने एक बार फिर यहां की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंताजनक सवाल खड़ा किया है, वहीं इस बात को लेकर एक आशंका खड़ी हो रही है कि क्या आतंकवादी संगठनों ने दोबारा अपने पांव फैलाने शुरू कर दिए हैं। हालांकि कार में हुए धमाके को लेकर फिलहाल कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है कि विस्फोट का कारण क्या था, इसलिए इसके पीछे की मंशा के बारे में तभी कुछ ठोस सामने आ सकेगा, जब सरकार की ओर से कराई जाने वाली जांच की आधिकारिक रपट कोई संकेत करेगी। मगर धमाके का स्वरूप और उससे होने वाले नुकसान का जो दायरा दिखा, वह बेहद चिंताजनक है। इसमें किसी व्यापक साजिश की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।



गौरतलब है कि सोमवार की शाम एक कार में हुए विस्फोट के बाद आसपास खड़े कई अन्य वाहन उसकी जद में आ गए और कई लोगों की जान चली गई। घटना स्थल से जानमाल के नुकसान के जैसे ब्योरे सामने आए, वे किसी बड़े आतंकवादी हमले या बम विस्फोट की तस्वीर से ज्यादा अलग नहीं थे। जाहिर है, अब देश की जांच एजंसियां इस धमाके के बारे में विस्तृत पड़ताल कर सच्चाई का पता लगाएंगी। फिलहाल जांच के बिंदु में सभी कोण शामिल होने चाहिए, क्योंकि देश की राजधानी में हुई यह घटना बेहद संवेदनशील है और कई तरह के खतरों का संकेत भी हो सकती है।

यही वजह है कि इस मामले में यूएपीए, विस्फोटक अधिनियम और अन्य सख्त धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच का दायरा व्यापक रखा गया है। निश्चित रूप से इस धमाके की सभी कड़ियों की पड़ताल कर दोषियों को सजा के अंजाम तक पहुंचाने की जरूरत है, मगर सवाल यह भी उठता है कि राजधानी होने के नाते सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सबसे चौकस और बेहतर मानी जाने वाली दिल्ली में इतनी बड़ी घटना हो गई और सुरक्षा एजंसियों को इसके बारे में कोई अंदाजा तक नहीं हुआ, तो यह किसकी नाकामी है!

इस घटना के तार एक दिन पहले आतंकी तंत्र के एक हिस्से के खुलासे के तहत फरीदाबाद में गिरफ्तार किए गए लोगों के साथ जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है। लेकिन कार में धमाके की वजह अगर कोई विस्फोटक था, तो उसे वाहन में लेकर कोई व्यक्ति बिना किसी रोकटोक के सड़क पर कैसे चलता रहा और क्या यह देश की खुफिया एजंसियों की कार्यशैली के चिंताजनक पहलू को नहीं दर्शाता है!

सबसे अहम है दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को चौतरफा चाकचौबंद बनाना, ताकि यहां के लोगों को अतीत की वैसी त्रासदी का सामना फिर से करने की नौबत कभी न आए, जब यहां सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे और उसमें कई लोग मारे गए। आतंकी हमलों के वैसे दौर की वापसी न हो, इसके लिए सरकार को हर जरूरी कदम उठाने चाहिए। खासतौर पर किसी अंतरराष्ट्रीय साजिश के पहलू से इस घटना की गहन छानबीन होनी चाहिए। सिर्फ दावे करने भर से आतंकवाद का खात्मा होना मुमकिन नहीं है।

जम्मू-कश्मीर में आज भी आतंकियों की घुसपैठ और हमले की कोशिशें बताती हैं कि देश में आतंकवाद आज भी एक ऐसी चुनौती है, जिसे लेकर थोड़ी भी लापरवाही की बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। सरकार की सबसे जरूरी प्राथमिकता यहां के आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होना चाहिए। इसके लिए खुफिया एजंसियों सहित सुरक्षा व्यवस्था के सभी मोर्चों पर निरंतर चौकस रहने की जरूरत है।

# 'अमृत का कुआं', एक बूंद से ठीक हो जाती हैं बीमारियां

सक्या आप चमत्कार में विश्वास करते हैं? क्या आपको लगता है कि कोई ऐसी ताकत मौजूद है जो लोगों को उनकी बीमारियों और

**जरा हट के**

परेशनियों से बचा सकती है? दुनिया में जहां कुछ लोग नास्तिक हैं तो कई आस्तिक भी हैं. कई बारे ऐसी स्थिति हो जाती है जब किसी बीमारी के इलाज में डॉक्टर्स भी जवाब दे देते हैं. कोई भी दवा काम नहीं आती. वैसी स्थिति में कोई खास मंदिर, किसी खास जगह पर अपनी फ़रियाद और दुःख लेकर गए लोग ठीक होकर वापस लौटते हैं. ऐसी ही एक जगह इन दिनों चर्चा में है. ये है नॉर्दर्न आइलैंड में स्थित तीन कुएं.

इस देश के लोगों के अलावा दूर दूर से भी कई लोग इस कुएं का जादुई पानी पीने आते हैं. माना जाता है कि ये कुआं चमत्कारिक ताकतों से भरा हुआ है. नार्थ आयरलैंड के पोर्टफेरी के पास ये तीन कुएं



कई सदियों से मौजूद हैं. हर किसी का पानी अलग-अलग तरह के चमत्कार करने के लिए जाना जाता है. कहा जाता है कि एक संत ने अपनी शक्तियां इन कुओं के अंदर डालकर इसके पानी को अमृत बना दिया था. जो भी इसके पानी का सेवन करता है, उसके सारे दुःख हर लिए जाते हैं. इन कुओं का नाम संत कूए (Saint Cu'Mhaighe) के नाम पर रखा गया है. सातवीं सदी से ही ये कई लोगों की आस्था का केंद्र है. ये कुआं कब से मौजूद है, इसकी जानकारी नहीं है लेकिन जब से आसपास के लोगों को याद है, तब से इसका पानी चमत्कारिक माना गया है. इस कुएं के ऊपर पत्थर पर कई तरह की जानकारी दी गई है जिसमें ये बताया गया है कि आसपास ही कई संतों की समाधि स्थल है. कहा जाता है कि संत कूए ने इन कुओं के पास कई चमत्कार किये थे और कई लोगों को मुक्ति दिलाई थी.

इस पानी के मैजिक का फायदा उठाने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं. कई लोगों का कहना है कि वैसी बीमारियां जो ठीक नहीं हो रही थी, इस कुएं के पानी से ठीक हो गई. टूरिस्ट्स ख़ास इस कुएं के पानी के लिए यहां आते हैं.

# आंवले की डाइजेस्टिव गोली




आंवला खाने के ढेर सारे फायदे हैं। एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी से भरपूर आंवला इम्यूनिटी बूस्ट करता है। हिंदू धर्म में कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ के नीचे खाने की परंपरा है। वैसे तो आंवले को सुखाकर पाउडर बनाकर और जूस को पिया जाता है। लेकिन ताजे मिल रहे आंवले को अगर डाइट में शामिल करना चाहते हैं तो बनाएं डाइजेस्टिव खट्टी-मीठी गोलियां। जिसे बच्चे और बड़े सब खाना पसंद करेंगे।

**सामग्री :**

- 500 ग्राम आंवला
- एक कप गुड़
- सेंधा नमक स्वादानुसार
- काला नमक एक चम्मच
- काली मिर्च पाउडर एक चम्मच
- भुना जीरा एक चम्मच
- आधा कप पिसी चीनी
- एक चौथाई चम्मच हींग
- आधा चम्मच नींबू का रस

**विधि :**



सबसे पहले आंवले को धोकर सुखा लें। फिर इसे कूकर में उबाल लें। उबले आंवले को कूकर से निकालें और ठंडा होने के लिए रख दें। जब ये ठंडे हो जाएंगे तो आंवले की गुठली को बिल्कुल आसानी से अलग कर दें। आंवलों को मिक्सी में डालकर पीसें और पेस्ट तैयार कर लें। ध्यान रहे कि आंवला बिल्कुल बारीक पिसा हो। कण ना रह जाएं। पीसने में पानी का थोड़ा इस्तेमाल किया जा सकता है. अब पैन गर्म करें और एक कप गुड़ डालें। साथ ही पिसा हुआ आंवले का पेस्ट भी डाल दें। धीरे-धीरे मिक्स करते हुए भूनें। गैस की फ्लेम को धीमा रखें और धीरे-धीरे सारे मसाले डालें। भुना जीरा, काली मिर्च, हींग, काला नमक, सेंधा नमक सब डालकर भूनें। इसे तब तक चलाएं जब तक कि ये गाढ़ा ना हो जाए। जब गाढ़ा होकर एक जगह इकट्ठा हो जाए गैस की फ्लेम बंद कर दें और थोड़ा ठंडा हो जाने दें। प्लेट पर पिसी चीनी डालें और तैयार आंवले की छोटी गोली बनाएं और पिसी चीनी को इस पर लपेटें।

# देश में 50% लोगों को पता ही नहीं कि उन्हें डायबिटीज है

- **ऐसी दिक्कतें हैं तो आप भी हो जाइए सावधान**

डायबिटीज एक वैश्विक स्तर पर बढ़ती स्वास्थ्य समस्या है जिसका खतरा कम उम्र के लोगों में भी देखा जा रहा है। एक डेटा के अनुसार साल 2021 में 20-79 वर्ष के 537 मिलियन (53.7 करोड़) वयस्क मधुमेह से पीड़ित थे, यानी कि हर 10 में एक व्यक्ति को ये बीमारी थी। समय के साथ ये समस्या और भी बढ़ती जा रही है, जिसको लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने सभी लोगों को सावधान रहने की सलाह दी है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि डायबिटीज रोगियों की संख्या 2030 तक 643 मिलियन (64.3 करोड़) और 2045 तक 783 मिलियन (78.3 करोड़) तक हो सकती है।

लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी को टाइप-2 डायबिटीज का प्रमुख कारण माना जाता है। डॉक्टर कहते हैं, सभी लोगों को इसमें सुधार पर ध्यान देना चाहिए। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को डायबिटीज की समस्या रही है उन्हें और भी सतर्कता बरतते रहना जरूरी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती इस गंभीर और क्रोनिक बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करने, इससे बचाव को लेकर लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 14 नवंबर को विश्व मधुमेह दिवस मनाया जाता है। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि देश में बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जिन्हें डायबिटीज तो है पर वे इससे अनजान हैं। इस तरह की स्थिति गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है।

### आधे से अधिक लोग बीमारी से अनजान

भारत में डायबिटीज के जोखिमों को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक रिपोर्ट में बताया कि देश में 50% से ज्यादा लोगों को अपनी मधुमेह की




**कैसे जानें कहीं आपको भी तो नहीं है डायबिटीज?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ लक्षणों के माध्यम से जाना जा सकता है कि कहीं आपको ये बीमारी तो नहीं हैं? जिनके माता-पिता में से किसी को मधुमेह की दिक्कत रही हो उन्हें विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। डायबिटीज में शुगर का लेवल बढ़े रहने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। मधुमेह से पीड़ित लोगों को बार-बार पेशाब आने (खासकर रात में) की समस्या होती है। आपको अधिक प्यास लग सकती है, बिना किसी कारण के वजन घटना, अक्सर थका हुआ या कमजोर महसूस करना, हाथ या पैर में सुन्नपन या झुनझुनी होना, घावों को ठीक होने में अधिक समय लगना या समय के साथ नजरों का कमजोर होना संकेत हो सकता है कि आप डायबिटीज से पीड़ित हैं।

स्थिति के बारे में पता ही नहीं है। अगर समय रहते इसका निदान न किया जाए और इलाज न हो पाए तो स्वास्थ्य संबंधी कई गंभीर जटिलताएं विकसित हो सकती हैं।

डायबिटीज में शुगर का लेवल सामान्य से अधिक बना रहता है, अगर इसे कंट्रोल करने के लिए दवा या उपचार न लिए जाएं तो समय के साथ आंखें, किडनी खराब होने और तंत्रिकाओं से संबंधित समस्या होने का खतरा हो सकता है।

### डायबिटीज की गंभीर स्थिति

भारत में अनुमान है कि 18 वर्ष से अधिक आयु के 77 मिलियन (7.7 करोड़) लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हैं और लगभग 25 मिलियन (ढाई करोड़) प्रीडायबिटिक हैं, जिनमें निकट भविष्य में मधुमेह विकसित होने का उच्च जोखिम हो सकता है। 50% से अधिक लोगों को पता ही नहीं है कि उन्हें डायबिटीज है, जोकि एक गंभीर चिंता का विषय है। मधुमेह के शिकार लोगों में दिल के दौरे और स्ट्रोक का जोखिम दो से तीन गुना अधिक देखा जाता। डायबिटीज की गंभीर स्थिति में पैरों में रक्त प्रवाह में कमी आ जाती है। इसके अलावा न्यूरोपैथी (तंत्रिका क्षति) के कारण पैरों में अल्सर, संक्रमण और अंततः कुछ लोगों में पैरों को काटने की भी नौबत हो सकती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** परिवार की चिंता रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। थकान रहेगी। पिता का स्वास्थ्य संतोष देगा। अहंकार के भाव मन में न आने दें। व्यापार में नई योजनाओं से लाभ होगा। आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रहेगी।

**वृषभ :** धनागम होगा। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। जल्दबाजी न करें। नौकरी में ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति के योग हैं। स्वाध्याय के महत्व को समझें। संतान को अपने कार्यों में सफलता मिल सकेगी।

**मिथुन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। स्वार्थ एवं भोग की प्रवृत्ति से दूर रहें। कार्यस्थल पर प्रतिष्ठा प्राप्त कर पाएँगे।

**कर्क :** लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। शत्रु से सतर्क रहें। काम के प्रति लापरवाही न करें, किसी बात पर मतभेद की संभावना है। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। विवाद न करें। दुःखद समाचार मिल सकता है। कुसंगति से हानि होगी।

**सिंह :** सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे। सुखवृद्धि एवं पारिवारिक उन्नति होगी। आर्थिक योजनाओं में धन का निवेश हो सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। पड़ोसियों से किसी बात पर मतभेद की संभावना है।

**कन्या :** मित्रों की मदद से समस्या का समाधान हो सकेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। थकान रहेगी। रचनात्मक कार्य में मन लगेगा। अपना व्यवहार संयमित रखकर काम करें। समय का सदुपयोग होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**तुला :** व्यापार में मनोनुकूल लाभ होने के योग हैं। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। बेरोजगारी दूर होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में सफलता की संभावना है।

**वृश्चिक :** अनसोचे कार्य होंगे। दांपत्य जीवन में मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक समस्याएँ सूझबूझ से निपटाएँ। कार्य में सहयोग मिलेगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। फालतू खर्च होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें। पुराना रोग उभर सकता है।

**धनु :** प्रयास सफल रहेंगे। योजना बनेगी। आशानुरूप स्थिति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। व्यापारिक गोपनीयता भंग न करें। पूंजी निवेश लाभकारी रहेगा। व्यापार की चिंता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। बेचैनी रहेगी। विचार-विमर्श लाभप्रद रहेगा।

**मकर :** मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ में कमी आ सकती है। उचित मार्गदर्शन लेना जरूरी होगा। प्रमाद न करें।

**कुंभ :** धनार्जन होगा। प्रसन्नता रहेगी। यश, प्रतिष्ठा में वृद्धि के योग हैं। मनोरंजन के अवसर उपलब्ध होंगे। अनसोचे कामों में हाथ नहीं डालें। कामकाज की जिज्ञासा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी।

**मीन :** व्यापार में लाभ होने के योग हैं। धार्मिक कामों में रुचि बढ़ेगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम न लें। झंझटों में न पड़ें। आय में कमी होगी। परिवार में किसी से विवाद हो सकता है। अपनी स्थिति, योग्यता के अनुरूप कार्य करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# नई फूल झाड़ू पर डाल दें 5-6 बूंद तेल



घर की साफ-सफाई करने के लिए हर कोई फूल वाली झाड़ू खरीदता है. आपने गौर किया होगा कि जब भी आप नई फूल वाली झाड़ू से घर झाड़ते होंगे, तो उसमें से ढेर सारी भूसी निकलती है. इससे घर साफ होने की बजाय और गंदा ही होता है. आप भी नई झाड़ू लाने के बाद इस समस्या से परेशान होते हैं तो हम आपके लिए लाए हैं एक बेहद ही आसान सा नुस्खा.

## नई फूल झाड़ू से भूसी को ऐसे करें साफ

1. यदि आप नया झाड़ू लेकर आए हैं तो उससे घर झाड़ने से पहले आप एक मोटी चौड़े दांतों वाली कंघी लें. कंघी नहीं है तो कपड़े धोने वाला ब्रश लें. इस कंघी या ब्रश से तीन से चार बार फूल झाड़ू पर कंघी करें. रगड़ कर तेजी से कंघी करें या ब्रेश चलाएं ऊपर से नीचे की तरफ. इससे काफी भूसी निकल जाएगी.

2. अब आप झाड़ू.पर 5-6 बूंद नारियल का तेल चारों तरफ डाल दें. अब हाथों से झाड़ू का रगड़ें और एक दो बार फिर से कंघी चला दें. जितनी भी बची हुई भूसी होगी, सारी निकल जाएगी. इस तरह आप अपने घर में भूसी निकले बिना झाड़ू लगा सकते हैं.

# फेसवॉश की जगह इनका करें इस्तेमाल

- **कुछ ही दिनों में निखर जाएगी चेहरे की रंगत**

खूबसूरत ग्लोइंग स्किन हर किसी की ख्वाहिश होती है। अपनी इसी ख्वाहिश को पूरा करने में लोग कोई कसर नहीं छोड़ते। ग्लोइंग और हेल्दी स्किन के लिए फेस की क्लींजिंग सबसे ज्यादा जरूरी होती है और इसके लिए भी बाजार में ढेरों प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। हालांकि कई बार ये स्किन को और ज्यादा रफ और ड्राई बना देते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा ऑप्शन यही है कि आप अपनी रसोई में रखी कुछ चीजों को ही फेस वॉश की तरह इस्तेमाल करें। तो चलिए जानते हैं ऐसी ही कुछ चीजों के बारे में।

- **बेसन और दही से करें डीप क्लीनिंग**

फेसवॉश की जगह अपने चेहरे को साफ करने के लिए आप बेसन और दही का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप कील, मुंहासे या स्किन से जुड़ी किन्हीं अन्य समस्याओं से परेशान हैं, तो यकीन मानिए ये आपके लिए बहुत ही बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकता है। इसके लिए बस थोड़ी से बेसन में एक दो चम्मच दही मिलाकर अच्छे से मिक्स करें और एक गाढ़ा सा पेस्ट तैयार करें। अब उबटन की तरह इससे चेहरे पर मसाज करें। लगभग 10 मिनट बाद साफ पानी से वॉश कर लें। ऐसा करने से त्वचा की डेड स्किन रिमूव होगी, साथ ही अनचाहे बालों से भी छुटकारा मिलेगा। नियमित तौर पर बेसन और दही का इस्तेमाल करने से त्वचा में खुद-ब-खुद निखार आ जाएगा।



- **मुल्तानी मिट्टी का करें इस्तेमाल**

स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी बहुत ही फायदेमंद होती है। सदियों से हमारी दादी-नानी भी अपनी त्वचा के निखार के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल करती आई हैं। ये स्किन के एक्स्ट्रा ऑयल को रिमूव कर के, स्किन में ग्लो लाती है। मुल्तानी मिट्टी को चेहरे पर लगाकर कुछ देर के लिए ऐसे ही छोड़ दें और फिर साफ पानी से चेहरा धो लें। इस बात का ध्यान रखें कि मुल्तानी मिट्टी को लगाकर चेहरे को रगड़े नहीं। मुल्तानी मिट्टी स्किन को ड्राई कर सकती है इसलिए इसे लगाने के बाद मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना ना भूलें।

- **गुलाब जल का करें इस्तेमाल**

सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में पुराने समय से ही महिलाएं अपनी खूबसूरती निखारने के लिए गुलाबजल का इस्तेमाल करती आई हैं। गुलाबजल स्किन को डीप क्लीन करने के साथ-साथ उसे हाइड्रेट और ग्लोइंग बनाए रखने में भी मदद करता है। अपने चेहरे को साफ करने के लिए एक कॉटन पैड पर थोड़ा सा गुलाबजल लगाएं और इसकी मदद से अपने फेस को क्लीन कर लें। कुछ ही दिनों में आपके चेहरे पर गुलाबी निखार आ जाएगा।

- **मलाई से करें चेहरे की मसाज**

सर्दियों के मौसम में त्वचा की देखभाल के लिए मलाई का इस्तेमाल करना फायदेमंद है। दरअसल सर्दियों के मौसम में स्किन बहुत ज्यादा ड्राई होने लगती है, ऐसे में मलाई स्किन को मॉइश्चराइज करने का काम करती है। आप फेस पैक और स्क्रब में इसे डालकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके अलावा आप मलाई से लगभग 10 मिनट तक चेहरे की मसाज कर के, फिर इसे हल्के गुनगुने पानी से धो सकते हैं। कुछ ही दिनों में आपके चेहरे पर अलग सा निखार नजर आने लगेगा।

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### BHU अस्पताल में बवाल, बाउंसर ने छात्र को लात-घूंसों से पीटा

**वाराणसी.** यूपी के बीएचयू अस्पताल के गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग में मंगलवार को मरीज को बिना नंबर जल्दी दिखाने के मामले पर छात्र और बाउंसरों में विवाद हो गया। आरोप है कि बाउंसरों ने एक छात्र को कमरे में बंदकर पीटा। गुस्साए छात्र एकजुट होकर हंगामा करने लगे। जिससे तीन घंटे अफरा-तफरी रही। ओपीडी भी ठप हो गई। पुलिस और डिप्टी चीफ प्रॉक्टर संतोष कुमार सिंह ने मामला शांत कराया। 80 मरीज बिना इलाज के लौटे। छात्रों ने लंका थाने में तहरीर देकर बाउंसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ चीफ प्रॉक्टर से बाउंसर को निलंबित करने की मांग की है। बीएचयू के एमए द्वितीय वर्ष के छात्र अभय कुमार और बीए द्वितीय वर्ष के छात्र वेदांत मौर्या मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग की ओपीडी में अपने परिजन को दिखाने गए थे। बाउंसर ने ओपीडी के बाहर उन्हें रोक दिया। दोनों ने बताया कि वे बीएचयू के ही छात्र हैं। बाउंसर ने कहा कि अंदर के मरीज निकलेंगे तो चले जाइएगा। बताते हैं कि छात्र तत्काल अंदर जाने की जिद करने लगे। इसी पर तू-तू, मैं-मैं हो गई।

### लखनऊ में धमाके, पटाखा बनाने की फैक्ट्री में विस्फोट के बाद दूर तक पहुंची आग

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ में बुधवार की सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। एक के बाद एक हुए धमाके से लगी आग दूर तक फैल गई। नगराम के अब्बास नगर रोड के पास हुए हादसे में युवती और एक बच्ची के घायल होने की सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंच गईं और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। खेत में बने पटाखा गोदाम में विस्फोट के बाद निकली आग काफी दूर तक पराली में भी लग गई। फायर ब्रिगेड से पहले पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने खेत में लगी आग को बुझाने की कोशिश शुरू की। खेत में पराली जलाने को विस्फोट का कारण बताया जा रहा है। बताया जाता है कि नगराम के अब्बास नगर रोड पर खेत के बीच शादियों और त्योहार में इस्तेमाल होने वाले पटाखा बनाने का गोदाम और फैक्ट्री है। फैक्ट्री के पास ही पराली जलाई जा रही थी। पराली से उड़ी आग पटाखों तक पहुंच गई। पटाखों के ढेर मे आग लगते ही जोरदार धमाका हुआ। कई पटाखे दूर दराज खेतों मे जाकर गिरे तो वहां भी आग लग गई। खेतो में रखी पराली और धान की फसल में लगी आग दूर तक फैलने लगी। तेज धमाकों की गूंज तीन किलोमीटर दूर तक सुनी गई।

### बलिया में भीषण हादसा, नशे में ड्राइविंग कर रहे युवकों की बोलेरो पेड़ से टकराई, चार की मौत

**बलिया.** यूपी के बलिया में भीषण हादसा हुआ है। निमंत्रण से लौट रहे युवकों की बोलेरो पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार युवकों की मौत हो गई और एक घायल है। हादसा इतना भीषण था कि तीन युवकों की मौके पर ही जान चली गई। एक ने वाराणसी के अस्पताल में दम तोड़ा है। घटना बांसडीह में पर्वतपुर-घेराई मार्ग पर हुआ है। मरने वालों में दो रामपुरकलां और एक दिवाकरपुर का निवासी था। पुलिस के अनुसार सभी सवार नशे में थे। आगे की कार्रवाई की जा रही है। मरने वालों की पहचान रामपुर कला गांव निवासी सत्यम राजभर (20), राजा कुमार (18), दिवाकरपुर गांव निवासी विकास (21) और अनीश (16) के रूप में हुई है। घायल अभिषेक (18) का इलाज चल रहा है। बताया जाता है कि नशे की हालत में गाड़ी चलाते समय उससे नियंत्रण खो दिया गया था।

# दिल्ली धमाका मामले में नया मोड़

- **हुंडई i20 के साथ थी एक और लाल रंग की कार?**
- **चौकियों पर अलर्ट**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के लाल किला के पास हुए धमाके की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है नए-नए खुलासे हो रहे हैं। दिल्ली पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि जांच में पता चला है कि विस्फोट में इस्तेमाल की गई हुंडई i20 से जुड़े अन्य संदिग्धों के पास एक और लाल रंग की कार भी थी। पुलिस ने इस संदिग्ध लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के सभी पुलिस थानों, चौकियों और सीमा चौकियों पर अलर्ट जारी कर दिया है।



### सीमा जांच चौकियों को अलर्ट

सूत्र ने यह भी बताया कि दिल्ली की सभी सीमाओं पर मौजूद जांच चौकियों को अलर्ट कर दिया गया है। कुछ CCTV फुटेज की जांच में इस कार के होने का संदेह हुआ। पुलिस को जांच में पता चला कि विस्फोट में इस्तेमाल हुंडई i20 से जुड़े अन्य संदिग्धों के पास एक और लाल रंग की कार भी थी। दिल्ली पुलिस की ओर से पड़ोसी राज्यों की पुलिस को सतर्क करने के साथ ही तलाशी में मदद के लिए भी कहा गया है।

**■ लाल कार का पता लगाने को 5 टीमें**

पीटीआइ की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने बुधवार को बताया कि इस लाल रंग की फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का पता लगाने के लिए दिल्ली पुलिस की कम से कम 5 टीमों को तैनात किया गया है। पड़ोसी राज्यों की पुलिस को भी सतर्क कर दिया गया है। खास तौर पर उत्तर प्रदेश और हरियाणा पुलिस को कड़ी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। पड़ोसी राज्यों की पुलिस को कड़ी तलाशी और निगरानी करने के लिए कहा गया है।

**■ एजेंसियां भी कर रहीं छानबीन**

न्यूज एजेंसी एएनआई ने दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया है कि संदिग्ध कथित हमलावर डॉ. उमर को मुंबई एक्सप्रेसवे और कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेसवे पर आई-20 के साथ देखा गया। सीसीटीवी फुटेज में उसको दिल्ली की ओर जाते हुए देखा भी जा रहा है। वहीं जांच एजेंसियां अपनी जांच में विस्फोट में इस्तेमाल हुंडई i20 कार के साथ अन्य वाहन के हाने के एंगल पर भी छानबीन कर रही हैं।

**■ कार डीलर से पूछताछ**

इस बीच दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने फरीदाबाद के एक कार डीलर को हिरासत में लिया है। साथ ही दिल्ली और आसपास के राज्यों के सभी सेकेंड-हैंड कार डीलरों को हाल ही में की गई वाहनों की बिक्री की डिटेल जुटाने और साझा करने का निर्देश भी दिया गया है। फरीदाबाद के सेक्टर 37 स्थित रॉयल कार प्लाजा के मालिक अमित को फरीदाबाद पुलिस की मदद से हिरासत में लिया गया है।

# तेजस्वी बोले- सरकार के इशारे पर हो रहे सर्वे



**पटना.** बिहार चुनाव 2025 के मतदान के खत्म होने ही तमाम एजेंसियों के एग्जिट पोल्स सामने आए हैं। जिनमें ज्यादातर बिहार में एनडीए सरकार की वापसी बता रहे हैं। एनडीए को 130 से 170 तक सीटें मिलने का अनुमान जताया जा रहा है। इन सबके बीच नेता प्रतिपक्ष और राघोपुर से प्रत्याशी तेजस्वी यादव ने पटना में सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस पर बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होने कहा कि एग्जिट पोल को लेकर हम किसी भी खुशफहमी और गलतफहमी में नहीं रहते हैं। मीडिया पर सवाल उठाते हुए उन्होने कहा कि उसी गोदी मीडिया ने सर्वे दिखाया है। जिन्होने पाकिस्तान में इस्लामाबाद, लाहौर, कराची कब्जा लिया था। ये उन्ही का सर्वे है, और एसआईआर (SIR) के वक्त घुसपैठियों को बिहार में घुसा दिया था। तेजस्वी ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि ये पूरा प्रपोगेंडा है। एजेंसियों द्वारा अधिकारियों पर दबाव डाला जा रहा है। ताकि काउंटिंग के दिन उन पर मानसिक दबाव बना रहे। एग्जिल पोल पर सवाल उठाते हुए नेता प्रतिपक्ष ने पूछा कि जो भी सर्वे दिखा रहे हैं, उनका सैंपल साइज क्या है, मानक है। तेजस्वी ने कहा कि 'जो पीएमओ से तय होकर आता है, अमित शाह जो अपनी कलम से लिखकर भेजते हैं, चैनलों को वही बयान मीडिया वाले बताते हैं'।

तेजस्वी ने दावा किया कि हमें बहुत ही सकारात्मक सूचना मिली है। 1995 से भी बेहतर फीडबैक मिला है। बिहार के लोगों ने भारी मतदान किया। लोगों ने इस सरकार के खिलाफ वोट किया है। इस बार बदलाव होने जा रहा है। 14 को परिणाम और 18 को शपथ ग्रहण होगा। भाजपा, एनडीए के लोग बौखलाहट में हैं।

# दिल्ली धमाका-37 दिन पहले शादी में बना आतंकियों का ग्रुप

- **पाकिस्तानी हैंडलर से जुड़े थे**
- **कश्मीर में लगे पोस्टर से नजर में आए**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में लाल किला के पास 10 नवंबर को हुए धमाके के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का नया वाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल (आतंकियों का ग्रुप) उजागर हुआ है। इस मॉड्यूल में डॉक्टर, प्रोफेसर और महिला सदस्य शामिल थे, जो पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे। जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क मेडिकल प्रोफेशन और शैक्षणिक संस्थानों की आड़ में काम कर रहा था, और हरियाणा के फरीदाबाद, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा और यूपी के सहारनपुर सहित कई इलाकों से जुड़ा था। इसकी शुरुआत धमाके से 37 दिन पहले 4 अक्टूबर को सहारनपुर में एक शादी से हुई थी। इसके बाद ग्रुप ने फौजियों को धमकाने वाले पोस्टर, हथियार, विस्फोटक और फंडिंग के नेटवर्क तैयार करना शुरू किया। सुरक्षा एजेंसियों को कश्मीर में 19 अक्टूबर को जैश के पोस्टर दिखने से मॉड्यूल के एक्टिव होने का सुराग मिला। जांच में सामने आया कि नेटवर्क की सबसे अहम महिला सदस्य डॉ. शाहीन सईद थी। वह जैश सरगना मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर से जुड़ी थी।



### 4 अक्टूबर को एक्टिव हुआ था मॉड्यूल

जांच में पता चला कि यह मॉड्यूल 4 अक्टूबर को एक्टिव हुआ था, जब सहारनपुर में डॉ. आदिल की शादी डॉ. रुकैया से हुई थी। शादी में कुछ 'खास मेहमान' शामिल थे, जिनकी पहचान एजेंसियां कर रही हैं। शादी के अगले दिन इस मॉड्यूल ने काम शुरू किया। इसका मकसद फौजियों को धमकाने वाले पोस्टर लगाना, हथियारों की सप्लाई और पैसों का इंतजाम करना था। डॉ. आदिल लॉजिस्टिक और फाइनेंशियल चैनल संभालता था। नेटवर्क का प्लान था कि मेडिकल प्रोफेशन की आड़ में फंडिंग और ट्रांसपोर्टेशन चैनल बनाए जाएं।

### पोस्टर से मिला पहला सुराग

जांच की शुरुआत तब हुई जब कश्मीर के नौगाम इलाके में 19 अक्टूबर को जैश के पोस्टर दिखे। पुलिस ने केस दर्ज किया। 27 अक्टूबर को फिर से 25 से ज्यादा पोस्टर लगे। 50 अधिकारियों की टीम ने 60 CCTV कैमरे खंगाले। 31 अक्टूबर को डॉ. आदिल फुटेज में दिखा, जो पोस्टर लगाने वाले इलाकों में घूम रहा था। फोन सर्विलांस से पता चला कि वह पाकिस्तानी हैंडलर्स से संपर्क में था। उसकी लोकेशन सहारनपुर मिली और 6 नवंबर को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से AK-47, ग्रेनेड और विस्फोटक बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि फरीदाबाद में पढ़ा रहे डॉ. मुजम्मिल के पास भारी मात्रा में विस्फोटक है। इसके बाद 9 नवंबर को जम्मू-कश्मीर पुलिस फरीदाबाद पहुंची और अगले दिन मुजम्मिल को पकड़ लिया गया।

# गलत बम बना बैठे आतंकी, नहीं तो और खून बहता

**■ चौंकाने वाला खुलासा**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके में 12 लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही गई घायल हो गए थे। अब खबर है कि विस्फोटक पूरी तरह से विकसित नहीं था, जिसके चलते उसका प्रभाव सीमित रहा। फिलहाल, फॉरेंसिक जांच चल रही है कि घटनास्थल पर किस विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। धमाके के तार फरीदाबाद में बरामद हुए हजारों किलों सामग्री से जुड़ रहे हैं।

पीटीआई के अनुसार, एक पुलिस अधिकारी ने कहा,



'संभावनाएं हैं कि संदिग्ध फरीदाबाद में हुई रेड से डर गया था, जिसके चलते वह हड़बड़ी में जगह बदलने लगा और अनहोनी की आशंका बढ़ गई। ऐसा लगता है कि आवागमन के दौरान यह घटना संदिग्ध आत्मघाती हमले से अनजाने में हुए विस्फोट में बदल गई थी।' एजेंसी को सूत्रों ने बताया है कि पुलिस आत्मघाती हमला समेत कई पहलुओं पर जांच करर ही है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि खुफिया टीमों के शुरुआती आकलन से पता चला है कि IED को गलत तरीके से बनाया गया था, जिसके चलते इसका विनाशकारी प्रभाव सीमित हो गया था। उन्होंने कहा, 'बम समय से पहले फट गया और पूरी तरह से विकसित नहीं था। ऐसे में इसका प्रभाव सीमित रहा। विस्फोट से कोई गड्ढा नहीं बना और कोई छर्रे भी बरामद नहीं हुए हैं।'

### किसने किया धमाका?

पुलिस जांच जम्मू और कश्मीर के पुलवामा के रहने वाले डॉक्टर उमर नबी तक पहुंची है। खास बात है कि जिस i20 कार में धमाका हुआ, उसे उमर ही चला रहा था। कथित तौर पर उसके तार हरियाणा के फरीदाबाद में पकड़े गए टेरर मॉड्यूल से जुड़े हुए थे। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि दिल्ली-एनसीआर और पुलवामा में सुरक्षा एजेंसियों की छापेमारी से घबराकर धमाका किया गया था। शुरुआत में माना जा रहा था कि धमाके के दौरान कार में तीन लोग सवार थे, लेकिन अब साफ हो गया है कि सिर्फ उमर ही कार में था। वह टेरर मॉड्यूल के पकड़े जाने के बाद से ही फरार था।

### दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ी लाल कार मिल गई

दिल्ली बम धमाके से जुड़ी एक और संदिग्ध लाल रंग की कार को फरीदाबाद पुलिस ने खोज निकाला है। यह खंडावली गांव के पास खड़ी मिली थी। फरीदाबाद पुलिस ने तुरंत कार को अपने कब्जे में ले लिया है। दिल्ली पुलिस ने इस लाल रंग की इकोस्पोर्ट्स कार के लिए अलर्ट जारी किया था। दिल्ली पुलिस के अलर्ट के बाद इस लाल रंग की एसयूवी की खोज शुरू हो गई थी। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली विस्फोट मामले के मुख्य संदिग्ध, डॉ. उमर उन नबी से जुड़ी होने के संदेह में फरीदाबाद पुलिस ने एक लाल रंग की इकोस्पोर्ट (EcoSport) कार (नंबर DL 10 CK 0458) को अपने कब्जे में ले लिया है।

# मासिक धर्म पर कब तक बेइज्जत होते रहेंगे मीलॉर्ड?

**■ निजता की रक्षा के लिए SC में SCBA की गुहार**

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (SCBA) ने देश भर के संस्थानों में महिलाओं की 'गरिमा, निजता और शारीरिक स्वायत्तता के व्यापक उल्लंघन' के खिलाफ तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में महिलाओं के मासिक धर्म के दौरान उनकी निजता और गरिमा को ठेस पहुंचाने के विभिन्न मामलों का हवाला देते हुए महिलाओं की निजता की रक्षा के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश जारी करने की मांग की गई है।

यह याचिका महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में हुई एक हालिया घटना पर प्रकाश डालती है, जहाँ तीन महिला सफाई कर्मचारियों को कथित तौर पर यह साबित करने के लिए अपने सैनिटरी पैड की तस्वीरें भेजने के लिए मजबूर किया गया था कि वे मासिक धर्म से गुजर रही हैं।

### AOR प्रज्ञा बघेल की याचिका

एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड प्रज्ञा बघेल के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि राज्यपाल के दौरे के कारण विश्वविद्यालय में कर्मचारियों को रविवार को अस्वस्थ होने के बावजूद ड्यूटी पर बुलाया गया और सैनिटरी पैड की तस्वीरें लेने तक उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया, उनका अपमान किया गया और उन पर दबाव डाला गया।

### याचिका में मासिक धर्म पर बेइज्जती के कई उदाहरण

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, SCBA ने इस याचिका में शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी कार्यालयों में मासिक धर्म वाली महिलाओं की 'मासिक धर्म के दौरान शर्मिंदगी' को उजागर करने वाली कई अन्य समाचार रिपोर्टों का भी हवाला दिया है। याचिका में कई उदाहरण दिए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश का 2017 का मामला शामिल है, जहां मासिक धर्म के खून की जांच के लिए 70 लड़कियों को नग्न कर दिया गया था।

# रेड्डी की जगह ध्रुव जुरेल को मौका




- **पहला टेस्ट 14 नवंबर से**
- **टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच बोले- उनका खेलना तय**

भारतीय टीम के असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे ने बुधवार को कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खेलेंगे। वहीं, ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी के बाहर बैठने की संभावना है। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच 14 नवंबर (शुक्रवार) से कोलकाता में खेला जाएगा।

रेयान ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, हमें टीम कॉम्बिनेशन को लेकर अब काफी हद तक क्लियर है। पिछले छह महीनों में ध्रुव ने जिस तरह का प्रदर्शन किया है। खासकर पिछले हफ्ते बेंगलुरु में साउथ अफ्रीका-ए के खिलाफ दो शतक लगाकर वे निश्चित रूप से इस हफ्ते खेलेंगे।

### नीतीश के खेलने की संभावना कम

उन्होंने आगे कहा, हमारी प्राथमिकता मैच जीतने की रणनीति तैयार करना है। नीतीश के मामले में हमारी स्थिति नहीं बदली है। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला। लेकिन इस सीरीज के महत्व और हालात को देखते हुए, संभव है कि इस हफ्ते वह पहले टेस्ट में न खेलें।

### जुरेल शानदार फॉर्म में

भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल अच्छी फॉर्म में हैं। इस बैटर्स ने साउथ अफ्रीका ए के खिलाफ 2 शतकों के सहारे 259 रन बनाए। वे सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। इससे पहले उन्होंने अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले मैच में शतक लगाया था।

### जुरेल ने 7 टेस्ट मैचों में 430 रन बनाए

जुरेल ने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से टेस्ट डेब्यू किया। तीसरे टेस्ट (राजकोट) में नंबर 8 पर आकर उन्होंने 46 रन की पारी खेली, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई। उन्होंने भारत के लिए अब तक 7 टेस्ट मैचों में 430 रन बनाए हैं।

# जुड़वां भाइयों के रेटिना-फिंगरप्रिंट भी हमशक्ल निकले

**■ दुनिया का दुर्लभतम मामला**

**कानपुर.** विज्ञान कहता है कि दुनिया के किन्हीं दो लोगों के रेटिना और फिंगरप्रिंट एक जैसे नहीं हो सकते, लेकिन कानपुर के दो हमशक्ल जुड़वां भइयों के बायोमीट्रिक विज्ञान को चुनौती दे रहे हैं। उनके रेटिना और फिंगरप्रिंट भी हमशक्ल हैं। एक भाई के आधार में बायोमीट्रिक अपडेट कराने पर दूसरे का आधार निरस्त हो जाता है। दोनों के बायोमीट्रिक तीन-तीन बार निरस्त हो चुके हैं। यह दुनिया का दुर्लभतम मामला है और भारत का यह संभवतः इस तरह का पहला मामला है। चिकित्सा विशेषज्ञ इस केस की गहन रिसर्च की




आवश्यकता जता रहे हैं।

नौबस्ता के उस्मानपुर निवासी पवन मिश्रा के जुड़वां बेटे प्रबल और पवित्र दुर्लभ समानता के साथ पैदा हुए हैं। इसका खुलासा तब हुआ जब पवन दोनों बेटों की उम्र 10 साल होने के बाद मार्च में माल रोड स्थित सेंटर में आधार अपडेट कराने पहुंचे। प्रबल के आधार में बायोमीट्रिक अपडेट हो गया, लेकिन पवित्र का नहीं हुआ। इस पर पवन दोबारा सेंटर पहुंचे तो पवित्र का बायोमीट्रिक भी अपडेट हो गया, लेकिन प्रबल का निरस्त हो गया। तीन बार ऐसा ही हुआ। परेशान पवन ने आधार सेंटर में पूछताछ की तो बताया गया कि रेटिना और फिंगरप्रिंट एक जैसे होने की वजह से यह समस्या आ रही है।

प्राइवेट नौकरी करने वाले पवन मिश्रा ने बताया कि 10 जनवरी 2015 को जुड़वां बेटे जन्मे। जन्म के दो-तीन माह बाद दोनों का आधार कार्ड बनवाया। चूंकि शुरुआत में फिंगर प्रिंट और रेटिना का मिलान नहीं होता, लिहाजा कोई समस्या नहीं आई। 10 साल बाद आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए वह सेंटर पहुंचे। सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों बेटों के आधार डाउनलोड तो हो गए, लेकिन जब राशन कार्ड में नाम चढ़वाने के लिए आवेदन किया तो बेटे प्रबल की ई-केवाईसी नहीं हो रही थी। इस पर वह आधार सेंटर पहुंचे और प्रबल का आधार कार्ड दोबारा अपडेट कराया। उधर पवित्र का आधार कार्ड निरस्त हो गया। इसके बाद पवित्र का अपडेट कराया तो प्रबल का निरस्त हो गया। यह क्रम तीन-चार बार चला। इस पर आधार सेंटर के कर्मचारी भी हैरान हो गए। इसके बाद कर्मचारी ने मिलान करने के बाद बताया कि दोनों के फिंगर प्रिंट और रेटिना एक जैसे हैं।

# जगद्गुरु रामभद्राचार्य का मिला अभूतपूर्व स्नेह और आशीर्वाद

**नवी मुंबई।** खारघर में चल रही श्रीराम कथा के दौरान पदम् विभूषण प्रसिद्ध संत जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज के सान्निध्य में पहुंचे नवभारत के वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय भावविभोर हो उठे। कथा स्थल पर जब महाराज के उत्तराधिकारी रामचन्द्र महाराज ने राकेश पाण्डेय का परिचय कराया, तो स्वयं जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने उन्हें सीने से लगाकर स्नेह और आशीर्वाद दिया।





वरिष्ठ पत्रकार राकेश पाण्डेय ने कहा कि यह मेरे जीवन का एक अविस्मरणीय क्षण था। जब जगद्गुरु महाराज ने स्नेहपूर्वक गले लगाया, तो ऐसा लगा मानो संपूर्ण आशीर्वाद की वर्षा हो रही हो। ऐसे विरले संतों का दर्शन मात्र से मन को शांति मिलती है। उनके सान्निध्य में बैठना किसी सौभाग्य से कम नहीं। खारघर की यह श्रीराम कथा मेरे लिए आत्मिक अनुभव बन गई है।

वहीं जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने कहा 'राम कथा का उद्देश्य केवल श्रवण नहीं, बल्कि जीवन में मर्यादा और भक्ति का संचार करना है। पत्रकार समाज को दिशा देने वाले होते हैं, और जब वे धर्म से जुड़ते हैं, तो समाज में सच्चाई और सद्भाव का संदेश और मजबूत होता है। श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची भक्ति है।'

कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी इस आत्मीय क्षण को भावनापूर्ण तालियों से सराहा।

### उमर 6 दिसंबर को करना चाहता था बड़ा हमला

**दिल्ली.** दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार को हुए ब्लास्ट के दौरान उस धमाके वाली कार को चला रहा डॉ उमर नबी के बारे में बुधवार को अधिकारियों ने एक नया खुलासा किया। उन्होंने बताया कि उमर नबी ने आगामी 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी के आसपास शहर में एक शक्तिशाली विस्फोट की योजना बनाई थी और इस बारे में उसने अपने साथियों को बताया था। अधिकारियों ने कहा कि उमर कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकी नेटवर्क का एक अहम हिस्सा बनकर उभरा था। उन्होंने यह खुलासा आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (JEM) के फरीदाबाद स्थित अंतरराज्यीय व्हाइट कॉलर टेरर मॉडयूल से संबंध रखने के आरोप में गिरफ्तार आठ आरोपियों के परिजनों, दोस्तों और पड़ोसियों से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर किया।

# गीता—कुरआन संगम

## भिवंडी में सूफ़ी संत रज़ी चिश्ती ने डीसीपी बोराटे को सौंपी 'सूफ़ीवाद' की मशाल



**भिवंडी.** विविधता और सांप्रदायिक समरसता की मिसाल बने भारत में सामाजिक सौहार्द का एक प्रेरक संवाद तब सामने आया जब दरगाह हज़रत मोहिउद्दीन चिश्ती रह. पशुहारी शरीफ़ (बलिया, उ.प्र.) के गद्दीनशीन व पूर्व जिला जज हज़रत रज़ी अहमद चिश्ती ने भिवंडी ज़ोन-2 के पुलिस उपायुक्त शशिकांत बोराटे से विशेष भेंट की। दोनों के बीच गीता के 'धर्मयुद्ध' और कुरआन के 'जिहाद' को न्याय, सत्य और शांति की स्थापना के समानार्थी मानते हुए सामाजिक एकता की आवश्यकता पर गहन विमर्श हुआ। इस अवसर पर 'खबर-दर-खबर' ग्रुप के प्रधान संपादक मुनीर अहमद मोमिन, डॉ. अब्दुल अजीज अंसारी व जाकिर हुसैन अंसारी भी उपस्थित रहे।

हज़रत चिश्ती ने कहा कि 'कुरआन का असली जिहाद और गीता का धर्मयुद्ध, दोनों अन्याय और अंधकार के विरुद्ध आत्मिक संघर्ष हैं।' उन्होंने धार्मिक भ्रांतियों और विभाजनकारी विचारों को समाप्त करने की दिशा में लिखी अपनी पुस्तक 'वो इस्लाम जो हमसे कहीं छूट गया' डीसीपी बोराटे को भेंट की। यह पुस्तक कुरआनी दृष्टि से मानवता, करुणा और सामाजिक ताने-बाने को सुदृढ़ करने का संदेश देती है। सूफ़ी संत चिश्ती ने कहा कि 'इस्लामी सूफ़ीवाद ही विश्व शांति, सामाजिक सद्भाव और भारत के समग्र विकास का सबसे सशक्त आधार है।' उनके अनुसार सूफ़ीवाद केवल इबादत नहीं, बल्कि 'इख़लास, तवाज़ुन, हुब्ब-ए-ख़ल्क़ और ख़िदमत-ए-ख़ल्क़' यानी निष्ठा, संतुलन, मानवता और सेवा का मार्ग है। उन्होंने कुरआन की आयत 'अल्लाह इंसाफ़, भलाई और करुणा का हुक्म देता है' (सूरह नहलः 90) का उल्लेख करते हुए बताया कि न्याय और प्रेम ही इस्लामी समाज की असली पहचान हैं।

चिश्ती ने एक गूढ़ संदेश दिया कि 'धर्म को आत्मा बनाओ, हथियार नहीं'। उनका कहना था कि 'जब धर्म आत्मा बनता है तो इंसान फ़रिश्ता, और जब हथियार बनता है तो हैवान बन जाता है।' उन्होंने शिक्षा में सूफ़ी दर्शन शामिल करने और धार्मिक नेताओं से प्रेम की भाषा सिखाने का आह्वान किया। चिश्ती ने कहा, 'भारत की रूह अगर ज़िंदा रखनी है तो दरगाहों के चिराग़ बुझने मत दो।' यह संवाद इस बात का प्रतीक है कि आज के दौर में संवाद और प्रेम ही सामाजिक सद्भाव का सबसे प्रभावी औजार है।

## संक्षेप...

### इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई.** मुंबई से वाराणसी जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस विमान को बीच उड़ान के दौरान बम की धमकी दी गई, जिससे हड़कंप मच गया. इस घटना के बाद लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया. विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई और उसे तुरंत आइसोलेशन बे में ले जाया गया है. सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकाल लिया गया और बम निरोधक दस्ते ने विमान की पूरी जांच की. फिलहाल अधिकारियों ने धमकी के सोर्स की जांच शुरू कर दी है.

# बिहार चुनाव के बाद अब BMC पर नजर

### ■ BJP ने मुंबई यूनिट में नियुक्त किए 4 नए महासचिव




**मुंबई.** बिहार में विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही केंद्र की सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने अब अपना फोकस अगले साल होने वाले बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) चुनाव पर केंद्रित कर दिया है। इसी सिलसिले में पार्टी ने वहां बड़ा संगठनात्मक फेरबदल किया है। राज्य की सत्ता में भी काबिज भाजपा ने मुंबई इकाई में चार नए महासचिव नियुक्त किए हैं। दिन लोगों को महासचिव बनाया गया है, उनमें राजेश शिरवाडकर, गणेश खापरकर, आचार्य पवन त्रिपाठी और श्वेता पारुलेकर शामिल हैं। ये नियुक्तियां भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष और विधायक अमीत साटम ने की हैं।

#### जनवरी 2026 में बीएमसी चुनाव

बता दें कि जनवरी 2026 में बीएमसी चुनाव होने वाले हैं। सभी दलों ने इसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। राज्य का सत्ताधारी गठबंधन महायुति मिलकर चुनाव लड़ने की बात कर रही है, जबकि विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी में इस मुद्दे पर एकता नहीं दिख रही है। अभी दो दिन पहले हीं महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि उनकी पार्टी बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चुनाव अपने दम पर लड़ेगी।

उन्होंने कहा, 'हमारे बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के नेताओं ने फ़ैसला किया है कि हम स्थानीय निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ेंगे। आलाकमान से चर्चा के बाद स्थानीय स्तर पर यह फ़ैसला लिया गया है। हमें बीएमसी में हमेशा 30 से 35 सीटें मिलती हैं। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की तीनों पार्टियां भी अलग-अलग लड़ रही हैं।' उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि अगर समान विचारधारा वाली पार्टियों की ओर से कोई प्रस्ताव आता है, तो उस पर विचार किया जायेगा।

## लोहे की छड़ें चुराने की कोशिश में 4 ट्रक चालक समेत नौ पर मामला दर्ज

**ठाणे.** ठाणे जिले में एक गोदाम से कई लाख रुपये मूल्य की लोहे की छड़ें चुराने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने चार ट्रक चालकों और पांच अन्य व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने छह नवंबर को भिवंडी क्षेत्र के राजनोली नाका स्थित गोदाम के पास गश्त के दौरान कुछ लोगों को एक ट्रक से लोहे की छड़ें अन्य वाहनों में डालते देखा। कोनगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि जब पुलिस उस स्थान पर पहुंची तो वे लोग भाग गए। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक किसी स्थान पर पहुंचाने के लिए रखी गई लोहे की छड़ें किसी अन्य व्यक्ति को सौंप रहे थे और साफ था कि माल की चोरी हो रही थी। पुलिस ने मौके पर खड़े ट्रकों से कई लाख रुपये मूल्य की लोहे की छड़ें बरामद कीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ चोरी के लिए कानूनी धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

# ठाणे आरटीओ ने बाढ़ प्रभावित तांदुलवाड़ी गाँव में आरओ शुद्ध जल आपूर्ति केंद्र स्थापित किया

**ठाणे.** आपदा के समय सरकारी मदद पहुँचती है, लेकिन जब दिल से हाथ उठाया जाता है, तो वह मदद मानवता का उत्सव बन जाती है।ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ ठाणे) ने सोलापुर ज़िले के तांदुलवाड़ी गाँव में एक निःशुल्क आरओ पेयजल संयंत्र स्थापित करके ऐसी ही एक प्रेरक पहल को लागू किया है।बाढ़ प्रभावित गाँवों तक सीधे पहुँचने का विचार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मन में आया और सामाजिक भावना से प्रेरित होकर उन्होंने अपने सभी सहयोगियों से इसे साकार करने की अपील की। उनकी संवेदनशील



अपील पर, कार्यालय के अधिकारियों, उप-अधिकारियों, निरीक्षकों और कर्मचारियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और वित्तीय सहायता एकत्र की।शुरुआत में, आवश्यक वस्तुओं के किट उपलब्ध कराने की योजना थी। लेकिन जब स्थानीय स्तर पर यह जानकारी मिली कि बाढ़ के बाद गाँव में स्वच्छ जल की भारी कमी हो गई है, तो ठाणे आरटीओ की टीम ने सामाजिक भावना के आधार पर सीधा निर्णय लिया। और वह आरओ वाटर फ़िल्टर प्लांट।यह आरओ प्लांट ठाणे आरटीओ के सौजन्य से लगभग दो हज़ार की आबादी वाले तांदुलवाड़ी (तालिबान माधा, जिला सोलापुर) गाँव में स्थापित किया गया।इसका उद्घाटन मंगलवार को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल के मार्गदर्शन में आरटीओ कर्मचारी विकास पर्वत ने किया। 12 नवंबर से ग्रामीणों को डिजिटल कार्ड के माध्यम से निःशुल्क स्वच्छ पेयजल मिलना शुरू हो गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि अब हमें पानी नहीं खरीदना पड़ेगा।इस पहल की हर जगह सराहना हो रही है। क्योंकि यह सिर्फ़ एक आरओ प्लांट नहीं है।इसे 'मानवता के लिए जल स्त्रोत' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर, सभी सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, षष्ठम मोटरयान निरीक्षक, मोटरयान निरीक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों ने इस कार्य में बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।

### कर्नल की केबिन से पिस्टल और कैश चोरी

**मुंबई.** देश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने वाली एक बड़ी घटना सामने आई है. आर्मी हेडक्वार्टर में कर्नल की केबिन से हथियार और जिंदा कारतूस चोरी हो गए थे. चोर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गया था. चार दिन की कड़ी मशक्कत के बाद मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

क्राइम ब्रांच यूनिट 12 ने मालाड इलाके से तीनों आरोपियों को पकड़ा है. इनके पास से कर्नल की पिस्टल, 9 जिंदा कारतूस, साढ़े चार सौ ग्राम चांदी और 3 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं. साथ ही चोरी के दौरान इस्तेमाल किए गए कुछ सामान भी पुलिस ने जब्त किए हैं.

# पर्यावरणविद् डॉ. प्रशांत सिंकर 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2025' से सम्मानित

**ठाणे.** पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले ठाणे के पर्यावरण विद्वान एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रशांत रवींद्र सिंकर को टीजीपी संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्तर के 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2025' से सम्मानित किया गया है।

डॉ. सिंकर ने ढाई दशकों से भी अधिक समय से पर्यावरण पत्रकारिता के माध्यम से जल संरक्षण, वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और सतत विकास जैसे मुद्दों पर निरंतर लेखन और जागरूकता पैदा



की है। उनके प्रभावी लेखन ने नागरिकों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता पैदा की है और जनभागीदारी के माध्यम से राज्य भर में जल संरक्षण, वृक्ष संरक्षण और अपशिष्ट पुनर्चक्रण जैसी पहल आकार ले रही हैं।

इस 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार 2025' ने ठाणेकरों का गौरव बढ़ाया है और महाराष्ट्र में पर्यावरण पत्रकारिता को एक नई दिशा और पहचान मिली है। इससे पहले भी डॉ. सिंकर को महाराष्ट्र सरकार सहित कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्यरत डॉ. सिंकर को इस सफलता के लिए ठाणेकरों और पर्यावरणविदों से बधाइयाँ मिल रही हैं।

# 'मानसिक स्वास्थ्य, समाज की शक्ति'

### ■ ठाणे क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह जागरूकता अभियान शुरू किया




**ठाणे.** ठाणे क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल की टीम ने शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश पहुँचाया। व्याख्यानों, कार्यशालाओं, रैलियों, पोस्टर प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों और मूक नाटकों जैसे विभिन्न माध्यमों से समाज के हर वर्ग तक 'मानसिक स्वास्थ्य, समाज की शक्ति' का संदेश पहुँचाया गया।इस वर्ष, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 'आपदा और आपातकालीन स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता' का नारा दिया। इसी पृष्ठभूमि में, ठाणे के क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल ने 10 अक्टूबर से 10 नवंबर तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 'विश्व मानसिक स्वास्थ्य माह' उत्साहपूर्वक मनाया। इस अभियान का उद्घाटन 10 अक्टूबर को जिला न्यायाधीश सूर्यकांत शिंदे ने किया। इस अवसर पर,सचिव, जिला एवं विधिक सेवा प्राधिकरण, रवींद्र पजंकर, उपनिदेशक डॉ. नीलेश सपकाले, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेताजी मुलिक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। नर्सों द्वारा 'आपातकालीन स्थितियों में मानसिक देखभाल' विषय पर प्रस्तुत प्रभावशाली मूकाभिनय विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।यह मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान ठाणे, मुंबई, भिवंडी, चेंबूर, उल्हासनगर और बदलापुर क्षेत्रों में चलाया गया। मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को पर्यवेक्षण गृहों, निरोध केंद्रों, महिला छात्रावासों, जेलों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे कई स्थानों पर प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से बताया गया। इस अभियान में मनोचिकित्सकों, समाज सेवा अधिकारियों, व्यावसायिक चिकित्सकों, नर्सों और डीपीएन कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

> आपातकालीन परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी ज़रूरत है। अगर मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, तो समाज भी मज़बूत रहेगा। हम मानसिक बीमारी के लक्षणों की पहचान करने, समय पर इलाज कराने और सामाजिक कलंक को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।'
>
> **-डॉ. नेताजी मुलिक**
> (चिकित्सा अधीक्षक, क्षेत्रीय मनोरोग अस्पताल, ठाणे)

उप अधीक्षक डॉ. प्राची चिवटे, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ममता अलासपुरकर, मनोचिकित्सक डॉ. अर्चना गडकरी, डॉ. अमोल भुसारे और डॉ. कुसुम्माला एन. के मार्गदर्शन में यह अभियान सफल रहा।नागरिकों से केंद्र सरकार की 24x7 निःशुल्क मानसिक परामर्श सेवा (टोल फ्री - 1800 891 4416) टेलीमानस का लाभ उठाने का आग्रह किया गया।

# 'सड़कों पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले साफ-सफाई का ध्यान रखें'

### दीनदयाल जन आजीविका योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में बोले अपर आयुक्त विट्ठल डाके

**भिवंडी.** कई लोग सड़कों पर और स्टॉल लगाकर खाद्य पदार्थ बेचने का व्यवसाय कर रहे हैं। भोजन तैयार करते और बेचते समय, व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सार्वजनिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना आवश्यक है। जिस स्थान पर हम खाद्य पदार्थ बेचने का व्यवसाय करने जा रहे हैं, वहाँ की साफ़-सफ़ाई, भोजन बनाने में इस्तेमाल होने वाला पानी, बर्तन और अन्य सभी सामग्री अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिए। तभी हम अच्छा व्यवसाय कर सकते हैं. उक्त विचार अपर आयुक्त विट्ठल डाके ने व्यक्त किए. मनपा की दीनदयाल जन आजीविका योजना शहरी योजना (समाज कल्याण विभाग) की ओर से, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर




आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत, लोक कल्याण मेला के तहत मनपा के विलासराव देशमुख सभागार में नासिव नामक संस्था द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपर आयुक्त विट्ठल डाके बोल रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यालय उपायुक्त विक्रम दराडे, कर विभाग के उपायुक्त बालकृष्ण शिरसागर, समाज कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त शैलेश डोंडे, समाज कल्याण विभाग प्रमुख मिलिंद पलसुले, नासवी के राज्य समन्वयक गुरुनाथ सावंत आदि मंच पर उपस्थित थे।

नासवी के राज्य समन्वयक गुरुनाथ सावंत ने सभी को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि, सड़क पर खाद्य पदार्थ तैयार करने और बेचने के लिए आवश्यक और उचित लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक है, भोजन तैयार करने वालों को व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए, सभी मामलों में उचित सुरक्षा उपाय करने चाहिए, और गैस सिलेंडर और ग्रेट्स के साथ-साथ सब्जियों को काटने के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री की हैंडलिंग का भी ध्यान रखना चाहिए। खाद्य पदार्थ तैयार करने के लिए उपयोग किए जाने वाले आटे और अन्य सामग्री की गुणवत्ता भी अच्छी होनी चाहिए। यदि आपके द्वारा बेची जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता अच्छी है, तो आपका व्यवसाय बढ़ेगा। साथ ही, आपकी दुकान के क्षेत्र में सभी प्रकार से स्वच्छता और स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि खाद्य पदार्थ जैविक और रासायनिक प्रक्रियाओं से खराब हो सकते हैं, और यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि जहाँ खाद्य पदार्थ रखे जाते हैं, वहाँ कीड़े, चूहे, चींटियाँ, चूहे, कुत्ते, बिल्लियाँ आदि का उपद्रव न हो।

खाद्य विक्रय प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने वाले व्यापारियों को अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल डाके ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 177 व्यापारियों ने भाग लिया। प्रबंधक एस्तेर रायबोर्ड और सामुदायिक आयोजक धनश्री मेस्त्री और अमोल केदार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए।

# ट्रफिक पुलिस से मारपीट का आरोपी बरी

**ठाणे.** ठाणे की एक अदालत ने अभियोजन पक्ष के मामले में विसंगतियों और अपर्याप्त सबूतों का हवाला देते हुए 2023 में सड़क पर एक महिला यातायात कांस्टेबल पर हमला करने के आरोपी व्यक्ति को बरी कर दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस बी अग्रवाल ने मंगलवार को फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी अनिकेत भगवान जाधव (24) का अपराध संदेह से परे साबित करने में विफल रहा। यह मामला 21 जून 2023 की एक घटना से उपजा है, जिसमें जाधव ने महाराष्ट्र के ठाणे शहर के कपूरबावड़ी सर्कल पर यातायात कांस्टेबल संगीता सूर्यकांत कांबले (धुताडे) से कथित तौर पर मारपीट और गालीगलौज की। संगीता ने हेलमेट उल्लंघन के लिए उसकी मोटरसाइकिल की तस्वीर खींच ली थी जिसके बाद विवाद पैदा हुआ।

अदालत ने कहा, ''सबसे पहले यह उल्लेख करना उचित होगा कि यद्यपि घटना भीडभाड़ वाले यातायात सिग्नल पर हुई थी, लेकिन घटना की सूचना देने वाली (कांस्टेबल), उसके सहयोगी और रिक्शा चालक के अलावा अभियोजन पक्ष ने किसी अन्य गवाह से पूछताछ नहीं की है.

## आम सूचना

मैं श्रीमती दामिनी रविकांत आपटे सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 202, सनय पार्क को-आप, हाउसिंग सोसायटी लि. दूसरा माला, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 50डीआय013805800) क्षेत्रफल 580 चौ.फुट उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती माला विजय नितनवरे उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 31.3.2021 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती दामिनी रविकांत आपटे**

# धर्मेंद्र का हालचाल लेने खुद गाड़ी चालकर पहुंचे अमिताभ बच्चन



बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र की तबीयत अब स्थिर है। ऐसे में उनके परिवार वाले उन्हें घर ले गए हैं। सनी देओल की टीम ने स्टेटमेंट जारी कर बताया कि अब धर्मेंद्र की देखरेख घर पर ही होगी। इसी बीच इंडस्ट्री के जाने-माने लोग उनसे मिलने उनके घर पहुंच रहे हैं। महानायक अमिताभ बच्चन भी अपने दोस्त का हालचाल लेने पहुंचे हैं।

### खुद ड्राइव करके धर्मेंद्र के पास पहुंचे अमिताभ

यह मुलाकात इसलिए भी खास बन गई क्योंकि बिग बी अपनी लग्जरी गाड़ी खुद ड्राइव करके धर्मेन्द्र के पास पहुंचे हैं। आमतौर पर वह अपनी सिक्योरिटी और ड्राइवर के साथ दिखाई देते हैं, लेकिन जैसे ही उन्हें पता चला कि उनका दोस्त अस्पताल से वापस आ गया है वह बिना सिक्योरिटी और ड्राइवर के उनके पास पहुंच गए।

### लोग बोले- असली जय और वीरू

कैमरे में कैद इस लम्हे ने लोगों का दिल जीत लिया। लोग बोले, स्टारडम और उम्र की परवाह किए बिना 'शोले' के 'जय और वीरू' की दोस्ती आज भी उतनी ही गहरी और अटूट है। यहां देखिए वीडियो।

### इन्होंने भी की एक्टर से मुलाकात

अमिताभ बच्चन के अलावा 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के क्रिएटर असित कुमार मोदी और प्रोड्यूसर निखिल द्विवेदी भी उनसे मिलने पहुंचे थे। इसके अलावा गोविंदा, सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान, धर्मेंद्र से मिलने अस्पताल गए थे।

## अल-कायदा से कथित संबंध रखने के आरोपी इंजीनियर ने शिक्षक के घर पर की थी बैठक!

**पुणे.** महाराष्ट्र के आतंकरोधी दस्ते (एटीएस) ने पुणे के एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर को प्रतिबंधित आतंकी संगठनों अल-कायदा और अल-कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) से कथित संबंधों के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसके बाद एटीएस ने ठाणे के एक शिक्षक से भी पूछताछ की। बताया गया है कि ठाणे जिले के मुंब्रा इलाके में स्थित शिक्षक के घर पर अभियुक्त जुबैर हंगरगेकर की एक बैठक हुई थी।

एटीएस ने 27 अक्तूबर को 37 वर्षीय जुबैर हंगरगेकर को गिरफ्तार किया था। उस पर आरोप है कि वह प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा था और कट्टरपंथ फैलाने की गतिविधियों में शामिल था। जांच के दौरान एटीएस को उसके पुराने फोन में पाकिस्तान का एक संपर्क नंबर सेव मिला। आगे की जांच में पता चला कि हंगरगेकर मुंब्रा में एक बैठक के लिए गया था। इसके बाद एटीएस अधिकारियों ने मंगलवार को शिक्षक के घर जाकर हंगरगेकर और उस बैठक के बारे में पूछताछ की। अधिकारियों के मुताबिक, शिक्षक न तो मामले में आरोपी है और न ही गवाह।

एटीएस ने इससे पहले पुणे की अदालत को बताया था कि आरोपी इंजीनियर शहर के कोंढवा क्षेत्र में आक्रामक रूप से धार्मिक प्रवचन देता था। उसके घर की तलाशी में मोबाइल फोन मिले, जिनमें डिलीट की गई पीडीएफ फाइलें थीं। इनका शीर्षक था- 'अल कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट (AQIS) एंड ऑल इट्स मैनिफेस्टेशंस'।

## आम सूचना

मैं श्रीमती सुधा संतोष गुप्ता सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 587 के सामने, रुम नं. 1 के पास, उल्हासनगर- 2. (टैक्स नं. 19बीआय016285700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती मंगला प्रकाश गोसवाई उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.10.2025 रजि. नं. जी-1/176/25 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सुधा संतोष गुप्ता**

## आम सूचना

मैं श्रीमती सिमरण राजकुमार वलेचा सभी को सूचित कर रही हूं कि गिरीश टॉवर ब्लॉक ए-49, रुम नं. 289-291, 6ठा माला, फ्लैट नं. 602, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 12बीआय015349800) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयराम पी. कुकरेजा उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 14.1.2000 सी.नं. 2225/2023-24 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सिमरण राजकुमार वलेचा**









यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099